कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री प्रभू दयाल शर्मा पुत्र श्री राम प्रसाद शर्मा ग्राम भेडोली पोस्ट कालोता तहसील व जिला दौसा राजस्थान

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा

अपील सं0 33/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 23.07.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी), दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 27.04.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी), दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा द्वारा उनके पत्रांक आरटीआई/2018/771 दिनांक 06.07.2018 द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक द्वारा वॉछित सूचना तहसीलदार कार्यालय, दौसा से संबंधित होने के कारण उनके पत्रांक आरटीआई/733 दिनांक 27.06.2018 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6 (3) के अंतर्गत प्रा0 पत्र स्थानांतरित किया जाकर तहसीलदार को वॉछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा आवेदक को भी सूचना भिजवाई गई है। ऐसी स्थिति में वॉछित सूचना तहसीलदार से संबंधित होने के कारण तहसीलदार को निर्देशित किया जाना उचित प्रतीत होता है । प्रेषित पत्रादि की छाया प्रति संलग्न पत्रावली है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक रुप से स्वीकार की जाती है तथा तहसीलदार दौसा को निर्देशित किया जाता है कि आवेदक द्वारा वॉछित सूचना 07 दिवस के भीतर-भीतर उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा